अनुपूरक बजट

चर्चा में क्यों?

18 अगस्त, 2021 को उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य विधानसभा में चालू वित्त वर्ष 2021-22 के लिये अतिरिक्त खर्च को पूरा करने हेतु **7,301.52 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट** पेश किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने इस अनुपूरक बजट को पेश किया।
- यह अनुपूरक बजट चालू वित्त वर्ष के 5.5 लाख करोड़ रुपए के वार्षिक बजट का केवल 1.33 प्रतिशत है। इस अनुपूरक बजट का फोकस रोज़गार के नए अवसर सृजित करने पर है।
- इस बजट में लोक कल्याण या किसी विशेष योजना को पूरा करने के अत्यंत महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमें कुछ नई मांगें हैं, खासकर युवाओं के लिये रोज़गार के अवसर पैदा करने की, जिसके लिये 3,000 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं।
- इसके अलावा अधिवक्ताओं के लिये सामाजिक सुरक्षा कोष, बिजली व्यवस्था में सुधार, अंबेडकर स्मारक और सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण, मवेशियों का संरक्षण तथा अयोध्या में बुनियादी ढाँचे को बढ़ाने पर बल दिया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/supplementary-budget-1